<u>सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान</u>
<u>राजभाषा अनुभाग</u>

सं. 20-13/15/22-राभा

दिनांक 18/10/2022

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय –<u>सड़क शोध पत्र संकलन 2022 का प्रकाशन</u> ।

संस्थान में हिंदी में मूल रूप से वैज्ञानिक और तकनीकी लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए तकनीकी शोधपत्र प्रतियोगिता का आयोजन तथा हिंदी गृह पत्रिका 'सड़क दर्पण' का प्रकाशन किया जाता है। इसी क्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों में हिंदी में मौलिक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए "**सड़क शोध पत्र संकलन**" प्रकाशित करने की योजना है। इस योजना में भाग लेने के लिए संस्थान के नियमित अधिकारियों से **<u>दिनांक 04 नवंबर 2022</u>** तक मूल हिंदी में लिखे गए तकनीकी लेख व शोधपत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

राजभाषा अनुभाग को शोधपत्र की **दो प्रिंट प्रतियां** भेजने के साथ साथ **<u>sadakdarpan.crri@gmail.com</u>** पर ई-मेल से इसकी वर्ड व पीडीएफ फाइलें भेजनी होंगी। रचनाओं के अप्रकाशित व मौलिक होने के संबंध में लेखकों के लिए घोषणा पत्र भर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। 'सड़क शोध पत्र संकलन' का प्रकाशन करने के लिए निदेशक महोदय ने निम्नलिखित समिति का गठन किया है –

1) श्री जी के साहू, वरि.प्रधान वैज्ञानिक, बीईएस
2) डा कंवर सिंह, वरि.प्रधान वैज्ञानिक, जीटीई
3) श्री सुनील जैन, वरि.प्रधान वैज्ञानिक, पीईडी
4) श्री सुभाष चंद, वरि.प्रधान वैज्ञानिक, टीईएस
5) श्री संजय चौधरी, हिंदी अधिकारी व संयोजक

उपर्युक्त समिति संस्थान में आयोजित तकनीकी शोधपत्र प्रतियोगिताओं 2021 व 2022 की प्रविष्टियों तथा अंतिम तिथि तक प्राप्त शोधपत्रों में से सर्वश्रेष्ठ का चयन करके संकलन 2022 के प्रकाशन के संबंध में अगली कार्रवाई करेगी। सभी प्रमुखों से अनुरोध है कि अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को **<u>04 नवंबर 2022</u>** तक लेख व शोधपत्र भेजने के लिए प्रेरित करें। लेखकों के लिए निर्धारित घोषणा पत्र का प्रारुप पृष्ठ के पीछे दिया गया है।

18-10-2022

(संजय चौधरी)
हिंदी अधिकारी

प्रति :

1. निदेशक महोदय के निजी सचिव - सूचनार्थ
2. प्रशासन अधिकारी का कार्यालय - सूचनार्थ
3. सभी अनुभागीय व प्रभागीय प्रमुख - <u>व्यापक परिचालन एवं सहकर्मियों को प्रोत्साहित करने हेतु</u>।
4. प्रमुख, सीसीएन - संस्थान की वेबसाइट व इंट्रानेट पर अपलोड करवाने हेतु।
5. सूचना पट्ट
6. कार्यालय प्रति

प्रतिलिपि :

1) श्री जी के साहू, वरि.प्रधान वैज्ञानिक
2) डा कंवर सिंह, वरि.प्रधान वैज्ञानिक
3) श्री सुनील जैन, वरि.प्रधान वैज्ञानिक
4) श्री सुभाष चंद, वरि.प्रधान वैज्ञानिक
5) श्री संजय चौधरी, हिंदी अधिकारी व संयोजक

सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान

शोधपत्र संबंधी घोषणा-पत्र

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि प्रस्तुत लेख या शोध पत्र मेरा/मेरी मौलिक रचना है तथा अन्यत्र कहीं भी प्रकाशित नहीं हुई है। सभी सहलेखकों की सहमति प्राप्त कर ली गई है। संस्थान द्वारा शोधपत्र 2022 संकलन में प्रकाशन के लिए यह प्रविष्टि दी जा रही है। संकलन हेतु चयन न होने की स्थिति में हिंदी गृह-पत्रिका 'सड़क दर्पण' अथवा अन्यत्र इसका उपयोग किया जा सकता है।

प्रस्तुत लेख/शोधपत्र की दो प्रिंट प्रतियां संलग्न हैं तथा word एवं pdf प्रारुप में इसकी सॉफ्टप्रति sadakdarpan.crri@gmail.com पर भेज दी गई है।

1. प्रथम लेखक के हस्ताक्षर (दिनांक सहित)	
2. नाम	
3. पदनाम व प्रभाग	
4. मातृभाषा	
5. सहलेखकों के नाम, पदनाम एवं प्रभाग	